# साहित्योत्सव 2015

9-14 मार्च

CELEBRATING 60 YEARS

## साहित्य अकादेमी दैनिक समाचार बुलेटिन

सोमवार, 9 मार्च 2015

### आज के कार्यक्रम

**अकादेमी प्रदर्शनी 2014**

का उद्घाटन प्रख्यात लेखक
डॉ. रामदरश मिश्र द्वारा
पूर्वाह्न 10.00 बजे,
रवींद्र भवन परिसर



**साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014 अर्पण समारोह**

मुख्य अतिथि प्रख्यात हिंदी कवि
केदारनाथ सिंह
सायं 5.30 बजे,
कमानी सभागार,
कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

जवाहरलाल नेहरू मणिपुर
अकादमी, इंफ़ाल
द्वारा मणिपुरी नृत्य
(लाई हराओबा जागोई)
सायं 7.00 बजे,
कमानी सभागार,
कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली

### अकादेमी प्रदर्शनी 2014


साहित्योत्सव 2015 का शुभारंभ आज पूर्वाह्न 10.00 बजे प्रख्यात लेखक डॉ. रामदरश मिश्र द्वारा अकादेमी प्रदर्शनी के उद्घाटन से होगा। इस प्रदर्शनी में पिछले वर्ष साहित्य अकादेमी द्वारा देश भर में आयोजित किए गए कार्यक्रमों को चित्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसमें जहाँ पिछले वर्ष के साहित्योत्सव की झलकियाँ हैं, वहीं अकादेमी द्वारा आयोजित दो अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों-रिम कविता उत्सव तथा विश्व कविता उत्सव 'सबद' को भी ख़ूबसूरती से दिखाया गया है। इसके अतिरिक्त अकादेमी के विभिन्न क्षेत्रीय केंद्रों सहित दिल्ली में आयोजित नियमित कार्यक्रमों; जैसे कथा-संधि, कवि-संधि, मुलाक़ात अस्मिता, प्रवासी-मंच, मेरे झरोखे से, पुस्तक विमोचन, साहित्य-मंच के अतिरिक्त, युवा पुरस्कार 2014, बाल-साहित्य पुरस्कार 2014, अनुवाद पुरस्कार 2014 को भी चित्रों के माध्यम प्रस्तुत किया गया है।



डॉ. रामदरश मिश्र

### साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014 अर्पण समारोह

आज सायं 5.30 बजे कमानी सभागार में 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को वर्ष 2014 के साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि होंगे ज्ञानपीठ और साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात हिंदी कवि केदारनाथ सिंह। साहित्य अकादेमी के उपाध्यक्ष श्री चंद्रशेखर कंबार समाहार वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। पुरस्कार अर्पण के पश्चात् जवाहरलाल नेहरू मणिपुर डांस अकादेमी, इंफाल के कलाकारों द्वारा मणिपुरी नृत्य (लाई हराओबा जागाई) की रंगारंग प्रस्तुत होगी।



प्रो. केदारनाथ सिंह

इस बार के पुरस्कार विजेता हैं -- अरूपा पतंगीया कलिता (असमिया), उत्पल कुमार बासु (बाङ्ला), उर्खाव गोरा ब्रह्म (बोडो), शैलेंद्र सिंह (डोगरी), आदिल जसावाला (अंग्रेज़ी), (स्व.) अश्विन महेता (गुजराती), रमेशचंद्र शाह (हिंदी), जी. एच. नायक (कन्नड), शाद रमज़ान (कश्मीरी), (स्व.) माधवी सरदेसाय (कोंकणी), आशा मिश्र (मैथिली), सुभाष चंद्रन (मलयाळम्), नाओरेम विद्यासागर (मणिपुरी), जयंत विष्णु नारळीकर (मराठी), नंद हाङखिम (नेपाली), गोपालकृष्ण रथ (ओड़िया), जसविंदर (पंजाबी), रामपाल सिंह राजपुरोहित (राजस्थानी), प्रभुनाथ द्विवेदी (संस्कृत), जमादार किस्कू (संताली), गोप कमल (सिंधी), पूमणि (तमिळ), राचपालेम चंद्रशेखर रेड्डी (तेलुगु), मुनव्वर राना (उर्दू)।

CELEBRATING 60 YEARS

# साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014 से सम्मानित लेखक



**अरूपा पतंगीया कलिता** असमिया उपन्यासकार तथा कहानीकार हैं। आपका जन्म 31 अक्तूबर, 1956 में गोलाघाट, असम में हुआ। आपने गुवाहाटी विश्वविद्यालय से अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर तथा पी.एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *मरियम आस्टिन अथवा हीरा बरुआ* असमिया कहानी-संग्रह है, जो मानवीय दृष्टिकोण तथा लेखकीय निष्ठा को दर्शाता है।




**उत्पल कुमार बासु** बाङ्ला कवि एवं कथाकार हैं। आपका जन्म 3 अगस्त, 1937 को कोलकाता, पश्चिम बंगाल में हुआ। आपने आशुतोष कॉलेज से बी.एस.सी. तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय से भूविज्ञान में एम.एस-सी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *पिया मन भाबे* बाङ्ला कविता संग्रह है। आपकी शैली अतिसूक्ष्म तथा सुगठित है, जो भावनात्मक आवेग से दूर रहती है।




**उर्खाव गोरा ब्रह्म** प्रख्यात बोडो कवि और निबंधकार हैं। आपका जन्म 1 जुलाई, 1963 को ग्राम बाटाबारी, ज़िला कोकराझार, असम में हुआ। आप कोकराझार कॉलेज से कला स्नातक हैं। आपकी पुरस्कृत कृति *उदांनिफ्राय गिदिंफिन्नानै* बोडो कविता संग्रह है, जो समकालीन बोडो समाज की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक स्थितियों को दर्शाता है।




डोगरी उपन्यासकार एवं कहानीकार **शैलेन्द्र सिंह** का जन्म 1 अगस्त, 1968 को जम्मू में हुआ। आपने बी.ई. श्रीनगर से और एम.बी.ए. की उपाधि जम्मू विश्वविद्यालय से प्राप्त की। आपकी पुरस्कृत कृति *हाशिये पर* डोगरी उपन्यास है, जिसमें सामान्य तौर पर भारतीय समाज तथा विशेष रूप से डोगरा समाज के वंचित और कमज़ोर वर्गों के जीवन का चित्रण है।



**आदिल जसावाला** प्रतिष्ठित भारतीय अंग्रेज़ी कवि हैं। आपका जन्म 8 अप्रैल, 1940 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ। आपने वास्तुकला का अध्ययन पहले ए.ए. स्कूल ऑफ़ आर्किटेक्चर, लंदन से तथा बाद में यूनिवर्सिटी कॉलेज, ऑक्सफ़ोर्ड से किया। आपकी पुरस्कृत कृति *ट्राईंग टू से गुडबाइ* अंग्रेज़ी कविता संग्रह है, जो भारतीय साहित्य को एक महत्त्वपूर्ण योगदान है।



**(स्व.) अश्विन महेता** एक प्रख्यात फ़ोटोग्राफ़र, सांस्कृतिक आलोचक तथा निबंधकार थे। उनका जन्म 17 जुलाई, 1931 को सूरत, गुजरात में हुआ। उन्होंने जैव रसायन में एम.एस-सी. की उपाधि प्राप्त की थी। आपकी पुरस्कृत कृति *छबि भीतरनी* निबंध संग्रह है, जो गुजराती भाषा की अंतर्निहित बहुस्तरीय संभावनाओं को दर्शाता है।



**रमेशचंद्र शाह** एक प्रतिष्ठित हिंदी लेखक हैं, विभिन्न विधाओं में आपकी 50 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। आपका जन्म 4 मई, 1937 को अल्मोड़ा, उत्तराखंड में हुआ। आपने अंग्रेज़ी साहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी- एच. डी. उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *विनायक* हिंदी उपन्यास है। यह उपन्यास लेखक के प्रखर युगबोध का संवाहक है।



**जी.एच. नायक** प्रख्यात कन्नड आलोचक और निबंधकार हैं। आपका जन्म 18 सितंबर, 1935 को ज़िला उत्तर कन्नड के ग्राम सुर्वे, कर्नाटक में हुआ। आपने महाराज कॉलेज, मैसूर से कन्नड में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। आपकी पुरस्कृत कृति *उत्तरार्द्ध* कन्नड निबंध संग्रह है, यह कन्नड लेखक शिवराम कारंत कृत उपन्यासों तथा बेंद्रे कृत कविताओं का समीक्षात्मक विश्लेषण करता है।



**शाद रमज़ान कश्मीरी** के सुपरिचित कवि हैं। आपका जन्म 12 अप्रैल, 1956 में आरापोरा, कुलगाम, कश्मीर में हुआ। आपने कश्मीरी साहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी-एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *कोर काकुद गौम पुशरिथ* कश्मीरी कविता संग्रह है, जो अपने समय का प्रतिनिधित्व करती हैं।



**(स्व.) माधवी सरदेसाय** कोंकणी विदुषी, लेखिका और प्रकाशक थीं। उनका जन्म 7 जुलाई, 1962 को लिस्बन, पुर्तगाल में हुआ तथा निधन 22 दिसंबर, 2014 को गोवा में हुआ। उन्होंने भाषा विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा एम. फ़िल. की उपाधियाँ प्राप्त की थीं। आपकी पुरस्कृत कृति *मंथन* कोंकणी निबंध संग्रह है, इस कृति की भाषा प्रवाहमय है।



**आशा मिश्र** का जन्म 6 जुलाई, 1950 को मुज़फ़्फ़रपुर, बिहार में हुआ। आपने कला स्नातक के साथ-साथ पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक की उपाधि भी प्राप्त की। आपकी पुरस्कृत कृति *उचाट* मैथिली उपन्यास है। आप मानवीय मूल्यों तथा परंपराओं को बरक़रार रखते हुए एक संवेदनशील मस्तिष्क तथा भावुक हृदय से लिखती हैं।



**सुभाष चंद्रन** मलयाळम् के कथाकार और पत्रकार हैं। आपका जन्म 10 मई, 1972 को आलुवा, केरल में हुआ। आपने मलयाळम् साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। आपकी पुरस्कृत कृति *मनुष्यनु ओरु आमुखम* मलयाळम् उपन्यास है, जो केरल के इतिहास में एक परिवर्तनकामी दौर का एक भव्य चित्रण प्रस्तुत करता है।

# साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2014 से सम्मानित लेखक



**नाओरेम विद्यासागर सिंह** का जन्म 8 मार्च, 1972 को चपरउ, लखीपुर, असम में हुआ। आपने मणिपुर विश्वविद्यालय, कांचीपुर, इंफ़ाल से मणिपुरी साहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *खुङ्गङ् अमसुङ् रिफ्यूजि* 67 मणिपुरी कविताओं का संग्रह है। आपकी कविताएँ असाधारण रूपकों तथा उपमाओं से समृद्ध हैं।



**जयंत विष्णु नारळीकर** एक भौतिकविद् और खगोलविज्ञानी हैं। आपका जन्म 19 जुलाई, 1938 को कोल्हापुर, महाराष्ट्र में हुआ। आपने कैंब्रिज़ विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है। आपकी पुरस्कृत कृति *चार नगरांतले माझे विश्व* मराठी आत्मकथा है। इस कृति में एक वैज्ञानिक, चार प्रमुख महानगरों-बनारस, कैंब्रिज़, मुंबई और पुणे में बिताए गए अपने जीवन का पूर्वावलोकन किया है।



**नंद कुमार राई 'हाङखिम'** सुपरिचित नेपाली कथाकार हैं। आपका जन्म 11 नवंबर, 1944 को मागरिट होप एस्टेट, दार्जिलिंग में हुआ। आप एक कला स्नातक हैं। आपकी पुरस्कृत कृति *सत्ता ग्रहण* नेपाली कहानी संग्रह है, जो प्रायः प्रतिदिन घटने वाली ध्यानाकर्षक घटनाओं पर आधारित है।



**गोपालकृष्ण रथ** सुपरिचित ओड़िया कवि हैं। आपका जन्म 3 अगस्त, 1945 को संबलपुर, ओड़िशा में हुआ। आपने स्नातकोत्तर, एल.एल.एम. तथा पी.एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *बिपुल दिगंत* ओड़िया कविता-संग्रह है। ये कविताएँ मानवतावाद में अपने दृढ़ विश्वास के कारण चर्चित रही हैं।



जसविंदर प्रख्यात पंजाबी लेखक हैं। आपका जन्म 15 दिसंबर, 1956 को कलालवाला, ज़िला भटिण्डा, पंजाब में हुआ। आपने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। आपकी पुरस्कृत कृति *अगरबत्ती* पंजाबी ग़ज़ल. संग्रह है। बहुस्तरीय संरचना वाली ये ग़ज़लें पाठकों को प्रमुदित करती हैं।



**रामपाल सिंह राजपुरोहित** सुपरिचित राजस्थानी कहानीकार हैं। आपका जन्म 7 मई, 1935 को बीकानेर, राजस्थान में हुआ। आपने बी.ए. तथा बी.एड. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *सुंदर नैण सुधा* सोलह राजस्थानी कहानियों का संकलन है। ये कहानियाँ अपने भाषा लालित्य, परपंरा प्रवाह एवं लोक कला रूपों को अपने में समेटे हुई हैं।



**प्रभुनाथ द्विवेदी** संस्कृत लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्ता हैं। आपका जन्म 25 अगस्त, 1947 को ग्राम भैंसा, ज़िला मिर्ज़ापुर, उत्तर प्रदेश में हुआ। बी.एस.सी. के उपरांत आपने संस्कृत साहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी-एच.डी. की उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *कनकलोचनः* 15 संस्कृत कहानियों का संग्रह है। इन कहानियों को आसपास की समकालीन तथा मार्मिक विषय वस्तुओं पर उत्कृष्ट वर्णनात्मकता के साथ बुना गया है।




**जमादार किस्कू** सुपरिचित संताली लेखक हैं। आपका जन्म 29 फ़रवरी, 1949 को काटगोरा, पश्चिम बंगाल में हुआ। आप एक स्नातक हैं। आपको बाङ्ला, अंग्रेज़ी तथा हिंदी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपकी पुरस्कृत कृति *माला मुदाम* संताली नाटक है, जो संताली सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों और बदलते वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम में आधुनिक संघर्षों को दर्शाता है।




**गोप कमल** प्रसिद्ध सिंधी कवि और कथाकार हैं। आपका जन्म 9 नवंबर, 1948 को बड़ौत, उत्तर प्रदेश में हुआ। आपने सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा प्राप्त किया। आपकी पुरस्कृत कृति *सिज अगियां बुकु* सिंधी कविता संग्रह है। इस संग्रह में कवि ने सर्जनात्मक मुहावरे के लिए सहसंवेदन विधि का इस्तेमाल किया है।



**पी. माणिकवासगम, पूमणि** के नाम से विख्यात, तमिळ कथाकार हैं। आपका जन्म 12 मई, 1947 को अंदीपट्टी, तमिलनाडु में हुआ। आपने बी.एस.सी. की उपाधि प्राप्त की। आपकी पुरस्कृत कृति *अज्ञाडि तमिळ* उपन्यास है। अपने आकार और महाकाव्यात्मक आयामों के साथ यह हाल के दिनों में लिखित महान तमिऴ उपन्यासों में निःसंदेह शामिल किया जा सकता है।



**राचपालेम चन्द्रोखर रेड्डी** तेलुगु आलोचक, अनुवादक, कवि तथा संपादक हैं। आपका जन्म 16 अक्तूबर, 1948 को ग्राम कुंत्रपाकम, आंध्र प्रदेश में हुआ। आपने तेलुगु सहित्य में स्नातकोत्तर तथा पी एच.डी. उपाधियाँ प्राप्त कीं। आपकी पुरस्कृत कृति *मना नवललु-मना कथानिकलु* 24 तेलुगु साहित्यिक निबंधों का संग्रह है।



**मुनव्वर राना** आधुनिक उर्दू और हिंदी कविता की एक जानी-मानी शख़्सियत हैं। आपका जन्म 26 नवंबर, 1952 में रायबरेली, उत्तर प्रदेश में हुआ। आपको अंग्रेज़ी, हिंदी, बाङ्ला, फ़ारसी और अरबी भाषाओं का भी ज्ञान है। आपकी पुरस्कृत कृति *शहदाबा* उर्दू ग़ज़लों और कविताओं का संग्रह है। यह कृति कविता के प्रति कवि की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

CELEBRATING 60 YEARS

## प्रेस वार्ता

मीडिया को साहित्योत्सव 2015 की विस्तृत जानकारी देने के लिए अकादेमी के तृतीय तल स्थित सभा कक्ष में एक प्रेस वार्ता का आयोजन 7 मार्च को अपराह्न 4.30 बजे किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अकादेमी के सचिव डॉ. के. श्रीनिवासराव ने पत्रकारों को बताया कि अकादेमी ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे कर लिए हैं और यह उसकी हीरक जयंती का समापन वर्ष है। अतः हम इसे विशेष रूप से मना रहे हैं। प्रेस सम्मेलन के अंत में उन्होंने पत्रकारों के सवालों के जवाब भी दिए। प्रेस सम्मेलन में भारतीय भाषाओं के समाचार पत्रों के पत्रकार एवं विभिन्न चैनलों के मीडिया कर्मी उपस्थित थे।




## आगामी कार्यक्रम

**10 मार्च 2015**

**लेखक सम्मिलन**, रवींद्र भवन परिसर : पूर्वाह्न 10.30 बजे

**मीडिया के साथ पुरस्कृत रचनाकारों का संवाद** : खुला सत्र, रवींद्र भवन परिसर : अपराह्न 2.30 - 4.00 बजे

**संवत्सर व्याख्यान** : आशीष नंदी, रवींद्र भवन परिसर : सायं 6.00 बजे

**11 मार्च 2015**

**आमने-सामने** : पुरस्कृत लेखकों से संवाद, मेघदूत रंगशाला III : पूर्वाह्न 10 बजे

**युवा साहिती** : युवा लेखक सम्मिलन : नई फ़सल, रवींद्र भवन परिसर : पूर्वाह्न 10.45 बजे

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** : गीता चंद्रन द्वारा भरतनाट्यम नृत्य, मेघदूत मुक्ताकाश रंगशाला : सायं 6.30 बजे

**12 मार्च 2015**

**भारत की अलिखित भाषाएँ विषयक परिसंवाद**, रवींद्र भवन परिसर : पूर्वाह्न 10.00 बजे

**स्थापना दिवस व्याख्यान** : प्रख्यात कन्नड लेखक एस.एल. भैरप्पा द्वारा, रवींद्र भवन परिसर : सायं 6.00 बजे

**12-14 मार्च 2015** : 'भारतीय कथा साहित्य में क्षेत्र तथा राष्ट्र' विषयक **राष्ट्रीय संगोष्ठी**
साहित्य अकादेमी सभागार, प्रथम तल : पूर्वाह्न 10.00 बजे

**13 मार्च 2015**

**पूर्वोत्तरी** : उत्तर पूर्व एवं उत्तर क्षेत्रीय लेखक सम्मिलन,
रवींद्र भवन परिसर : पूर्वाह्न 10.30 बजे

**सांस्कृतिक कार्यक्रम** : राजस्थानी लोक गायन, मेघदूत मुक्ताकाश रंगशाला : सायं 6.30 बजे

**14 मार्च 2015**

**बाल साहिती : आओ कहानी बुनें** : बाल साहित्य से संबंधित दिन भर का कार्यक्रम,
रवींद्र भवन परिसर : पूर्वाह्न 10.30 बजे

**रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह रोड**
**नई दिल्ली-110001, दूरभाष: 011-23386626-28**

DD NATIONAL Media Partner

**पुस्तक प्रदर्शनी : प्रति दिन पूर्वाह्न 10 से सायं 7.00 बजे तक**
**रवींद्र भवन परिसर**

वेबसाइट : www.sahitya-akademi.gov.in

साहित्य अकादेमी
रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली 110001
दूरभाष : +91 11 23386626-28, फ़ैक्स : +91 11 23382428
ई-मेल : secretary@sahitya-akademi.gov.in, वेबसाइट : http://www.sahitya-akademi.gov.in